जादू मेरे श्याम जी का

जादू मेरे श्याम जी का, सर चढ़ के बोले,
जो भी आ जाए ख़ाटू, मस्ती मे डोले,
जादू मेरे श्याम जी का, सर चढ़ के बोले॥

श्याम की मर्ज़ी बिना, पत्ता ना हिलता,
श्याम की किरपा बिना, कुछ भी ना मिलता,
घुट घुट के जीता प्यारे, ख़ाटू ने होले,
जादू मेरे श्याम जी का, सर चढ़ के बोले॥

श्याम प्यारे से तू भी नैना लड़ा ले,
मन मे तू थोड़ा, विश्वास जगा ले,
बड़े से बड़ा काम, होता बिन बोले,
जादू मेरे श्याम जी का, सर चढ़ के बोले॥

चरणों मे श्याम जी के, मन को लगा ले,
श्याम प्यारे को अपने, दिल की सुनाले,
श्याम का हो जाएगा, तू भी होले होले,
जादू मेरे श्याम जी का, सर चढ़ के बोले॥

खाटूवाले श्याम की ये दुनिया दीवानी,
बिन माँगे झोली भरे शीश का दानी,
'दीपक' किस्मत के ताले श्याम जी ने खोले,
जादू मेरे श्याम जी का, सर चढ़ के बोले॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25250/title/jaadu-mere-shyam-ji-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |